मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)

बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-543
03/12/2022

मुख्यमंत्री ने नालंदा जिला के कोसियावां में स्व0 बाबू राम नंदन प्रसाद की मूर्ति का किया अनावरण

पटना, 03 दिसम्बर 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने नालंदा जिला के एकंगरसराय प्रखण्ड के कोसियावां में स्व0 बाबू राम नंदन प्रसाद की मूर्ति का अनावरण किया और उनकी मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, सांसद श्री कौशलेन्द्र कुमार सहित अन्य जन प्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी श्री मनीष कुमार वर्मा एवं महाधिवक्ता श्री ललित किशोर ने भी स्व0 बाबू राम नंदन प्रसाद की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर पटना के जिलाधिकारी श्री चन्द्रशेखर सिंह, नालंदा के जिलाधिकारी श्री शशांक शुभंकर, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री मानवजीत सिंह ढिल्लों, नालंदा के पुलिस अधीक्षक श्री अशोक मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारीगण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******